श्याम तेरी करनी पे विश्वास | By Vijay Soni |

श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो
तेरी कृपा जब बरसे
फिर काम ना क्यों कर हो
श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो

मुझको भरोसा तेरा है श्याम
तू ही मेरा सहारा
जिसने भी तुझको दिल से पुकारा
तूने दिया किनारा
नाव मेरी फिर बाबा
मझधार में क्यों कर हो
श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो
तेरी कृपा जब बरसे
फिर काम ना क्यों कर हो

तेरी दया ने हमको तो बाबा
खुशहाल कर दिया है
सोचा ना था जो सपनों में हमने
तूने वो कर दिया है
तेरी दया फिर बाबा
हर बार ना क्यों कर हो
श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो
तेरी कृपा जब बरसे
फिर काम ना क्यों कर हो

तेरी ही पूजा तेरी ही भक्ति
दिन-रात कर रहा हूँ
तेरी दया से तेरी कृपा से
हर काम कर रहा हूँ
तेरी लगन का सपना
साकार ना क्यों कर हो
श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो
तेरी कृपा जब बरसे
फिर काम ना क्यों कर हो

श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो
तेरी कृपा जब बरसे
फिर काम ना क्यों कर हो
श्याम तेरी करनी पे
विश्वास ना क्यों कर हो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be/